# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 03.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय जनजातीय विकास सम्मेलन का उद्‌घाटन किया, जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने पर दिया जोर।**
2. **केंद्र सरकार ने सीबीएसई ऑन–स्क्रीन मार्किंग विवाद पर की बड़ी कार्रवाई, अध्यक्ष और सचिव का तबादला, जांच समिति गठित।**
3. **आईआईआरएफ रैंकिंग 2026 में झारखंड के संस्थानों का शानदार प्रदर्शन, निजी प्रबंधन संस्थान में एक्सएलआरआई देश में दूसरे स्थान पर और आईआईएम रांची 18वें स्थान पर रहा।**
4. **हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई में टला बड़ा हादसा, ऑक्सीजन पाइप फटने पर सांसद मनीश जायसवाल की टीम ने लिया जायजा।**
5. **जापान में आयोजित अंडर–18 महिला एशिया कप हॉकी में भारत सेमीफाइनल में, झारखंड की खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम।**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं को सशक्त बनाने संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। सम्मेलन में 26 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देशभर में रहने वाला जनजातीय समाज सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है और उन्हे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति और अंतिम गांव तक पहुंचनी चाहिए।

********************

केंद्र सरकार ने सीबीएसई की ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से जुड़े विवाद के बाद बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने बोर्ड के अध्यक्ष राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। साथ ही खरीद प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में तकनीकी खामियों और मूल्यांकन संबंधी शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है।

********************

पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड स्थित झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला हितैषी पंचायत के रूप में राष्ट्रीय पहचान मिली है। लगभग 17 हजार 500 की आबादी वाली इस पंचायत में झिकरहट्टी पूर्वी समेत आठ गांव शामिल हैं। ग्रामीणों ने पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र और उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग भी की है, ताकि महिलाओं और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उपायुक्त मेधा भारद्वाज ने बताया कि इस पंचायत की तरह ही अन्य पंचायतों को बढ़ाने का काम किया जाएगा।

********************

आईआईआरएफ रैंकिंग 2026 में झारखंड के कई शिक्षण संस्थानों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। निजी प्रबंधन संस्थानों में जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट को देश में दूसरा स्थान मिला है, जबकि आईआईटी धनबाद सरकारी इंजीनियरिंग संस्थानों में 11वें स्थान पर रहा। वहीं इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची को प्रबंधन शिक्षा में 18वां, बीआईटी मेसरा को निजी इंजीनियरिंग संस्थानों में 10वां तथा आईआईआईटी को अपनी श्रेणी में 18वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

********************

आज विश्व साइकिल दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व साइकिल दिवस की थीम है "हरित भविष्य के लिए साइकिल चलाना"। यह दिवस हर वर्ष 3 जून को साइकिल को एक सरल, किफायती, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

********************

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई यानी एसएनसीयू में ऑक्सीजन पाइपलाइन से जुड़े जंबो सिलेंडर का पाइप फटने से अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ। उपाधीक्षक डॉ. राजकिशोर के निर्देश पर तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पाइप को बदलकर ऑक्सीजन आपूर्ति बहाल कर दी। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने भी मामले की जानकारी मिलने पर अपने प्रतिनिधि को अस्पताल भेजा और स्थिति की जानकारी ली।

********************

खूंटी जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 5 जून से सप्ताहभर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला वन पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिले के विभिन्न गांवों, विद्यालयों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

********************

पाकुड़ के अमरापाड़ा में अवैध रूप से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान कई पेड़ों की कटाई की गई। डीएफओ सौरभ चंद्रा ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जा रही है।

********************

सरायकेला में विश्व प्रसिद्ध छऊ नृत्य के जनक कुंवर विजय प्रताप सिंह की 130वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कलाकारों और गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने छऊ नृत्य को वैश्विक पहचान दिलाने में उनके योगदान को याद किया तथा इस सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

********************

जापान में चल रहे अंडर–18 महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने सिंगापुर को 25–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने लीग चरण में अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। झारखंड की संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी और श्रुति कुमारी ने भी एक–एक गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हॉकी झारखंड और राज्य खेल विभाग ने भारतीय टीम तथा राज्य की खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सेमीफाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- जमशेदपुर स्थित टाटानगर स्टेशन पर वेंडरों और निजी एजेंसियों के कर्मचारियों को क्यूआर कोड आधारित डिजिटल पहचान पत्र जारी किए गए हैं। इसके साथ ही टाटानगर इस व्यवस्था को लागू करने वाला दक्षिण पूर्व रेलवे का पहला स्टेशन बन गया है।
- देवघर में आयोजित जनता दरबार में मदद की गुहार लेकर पहुंचे दिव्यांग भवेश को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने मौके पर ही ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई।
- देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर के 18 दानपात्र खोले गए। गिनती के बाद दानपात्रों से कुल करीब 26 लाख रुपये प्राप्त हुए। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह राशि मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर खर्च की जाएगी।

*********************